AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

एनईपी का होगा परफॉर्मेंस रिव्यू

लखनऊ विश्वविद्यालय बनाएगा डीन व कॉलेज प्राचार्यों की संयुक्त जांच कमेटी

माई सिटी रिपोर्टर

- सहयुक्त कॉलेजों के प्राचार्यों संग कुलपति ने की बैठक
- प्रवेश, परीक्षा, मूल्यांकन में बढ़ेगी कॉलेजों की सहभागिता

लविवि में सहयुक्त कॉलेजों के प्राचार्यों की बैठक को संबोधित करते कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय। -संवाद

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय व सहयुक्त महाविद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) को और बेहतर व प्रभावी तरीके से लागू किया जाएगा। इसमें आ रही दिक्कतों के लिए विवि एक प्रोग्रेस/परफॉर्मेंस रिव्यू कमेटी बनाएगा, ताकि एक साल में मिले अनुभव के आधार पर व्यवस्था और बेहतर की जा सके। इस कमेटी में डीन एकेडमिक्स, डीएसडब्ल्यू व पांच कॉलेजों के प्राचार्य शामिल होंगे। यह जानकारी कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने शनिवार को सहयुक्त कॉलेजों के प्राचार्यों के साथ बैठक में दी।

उन्होंने एनईपी के तहत पहले साल में लागू वोकेशनल और को-कॅरिकुलर विषयों पर चर्चा की और दोनों में अंतर बताया, ताकि कॉलेजों को इनके पठन-पाठन में दिक्कत न हो। प्रो. राय ने यह भी कहा कि विवि और सहयुक्त पांचों जिलों के कॉलेजों को एक संगठन की भांति काम करना है। ऐसा करने से सभी महाविद्यालय आपस में एक साथ प्रगति करेंगे, जिनका सबसे ज्यादा लाभ छात्रों को होगा। नई शिक्षा नीति के तहत छात्रों के जिस समग्र विकास की बात कही गई है, उसके लिए यह प्रभावी कदम होगा।

वीसी ने कॉलेजों से नैक व एनआईआरएफ में आवेदन करने और एकेडमिक ऑडिट कराने को भी कहा, ताकि पठन-पाठन की व्यवस्था में और सुधार हो। उन्होंने कॉलेजों से एप्रूव्ड शिक्षकों की सूची उपलब्ध कराने को कहा, ताकि प्रवेश, परीक्षा, मूल्यांकन आदि कार्यों में कॉलेजों की सहभागिता बढ़ाई जाए। कॉलेजों को एक-दूसरे व विवि के साथ मिलकर सांस्कृतिक व खेलकूद आयोजन करने को कहा। साथ ही परीक्षाओं के सुचितापूर्ण आयोजन पर जोर दिया।

इस अवसर पर कुलपति ने स्नातक व परास्नातक प्रवेश विवरणिका का विमोचन भी किया। इसमें प्रवेश संबंधित जानकारी दी गई है, ताकि कॉलेजों को दिक्कत न हो। उन्होंने कॉलेजों को केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया में शामिल होने को भी कहा। बैठक में रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार सिंह, परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी, डीन सीडीसी प्रो. अवधेश कुमार त्रिपाठी, एडिशनल एडमिशन कोऑर्डिनेटर डॉ. अनित्य गौरव, लखनऊ, रायबरेली, हरदोई, सीतापुर और लखीमपुर खीरी के संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य मौजूद थे।

कॉलेजों में तैनात हों नियमित प्राचार्य

बैठक में कुलपति ने कॉलेजों में नियमित प्राचार्य की तैनाती पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों कॉलेजों के निरीक्षण और अलग से भी संज्ञान में आया है कि कॉलेजों में कई जगह प्राचार्य के मुद्दे हैं। इनका निस्तारण कर नियमित प्राचार्य की तैनाती हो ताकि कॉलेज के कार्यों में सुगमता आए। वे खुद इसकी मॉनीटरिंग करेंगे।

बैठक में प्रतिनिधि भेजने पर जताई नाराजगी

कुलपति की अध्यक्षता में आहूत बैठक में कुछ कॉलेजों ने प्राचार्यों की जगह उनके प्रतिनिधि भेजे थे। परिचय के दौरान इसकी जानकारी मिलने पर वीसी ने नाराजगी जताई। उन्होंने रजिस्ट्रार से संबंधित को नोटिस जारी कर जवाब-तलब करने को कहा। उन्होंने कहा कि अनुशासनहीनता ठीक नहीं है, इस पर कार्रवाई की जाएगी।

लविवि : लॉ की परीक्षाएं छह जून से

माई सिटी रिपोर्टर

विश्वविद्यालय ने जारी किया तीन व पांच वर्षीय पाठ्यक्रम का कार्यक्रम

वहीं, एमबीए की 25 मई से परीक्षाएं आयोजित होंगी

लखनऊ। लविवि में लॉ तीन व पांच वर्षीय पाठ्यक्रम की जून की सेमेस्टर परीक्षाएं भी छह जून से होंगी, जबकि एमबीए की परीक्षा 25 मई से शुरू होगी। विवि प्रशासन ने शनिवार को इनका विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया।

विवि प्रशासन के अनुसार एलएलबी तीन वर्षीय पाठ्यक्रम छठे सेमेस्टर की नियमित, छूटे छात्रों की व बैक पेपर की परीक्षाएं छह से 17 जून तक सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक होंगी। वहीं, एलएलबी इंटीग्रेटेड चौथे सेमेस्टर न्यू एंड ओल्ड कोर्स की नियमित, छूटे छात्रों व बैक पेपर की परीक्षाएं छह से 12 जून तक होंगी। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी के अनुसार एमबीए चौथे सेमेस्टर की परीक्षा 26 मई से छह जून तक दोपहर दो से शाम पांच बजे तक बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग में होगी।

नेशनल पीजी में परीक्षाएं कल से

नेशनल पीजी कॉलेज में सोमवार से यूजी चौथे, छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं दो पालियों में कोविड प्रोटोकॉल के साथ होंगी। प्राचार्य प्रो. देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि 23 मई से आर्ट्स, कॉमर्स, मैनेजमेंट, बीवोक, बीसीए, बीकॉम ऑनर्स के चौथे व छठे सेमेस्टर के लगभग 1500 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। बिना एडमिट कार्ड के परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षा में किसी तरह का इलेक्ट्रॉनिक गैजेट लेकर नहीं आना है।

लविवि : लीगल ड्राफ्टिंग की दी जानकारी

लखनऊ। लविवि के विधि संकाय में तीन दिवसीय विमर्श कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर डीन प्रो. सीपी सिंह ने बताया कि 21 मई को लीगल प्लीडिंग और 22 मई को लीगल ड्राफ्टिंग तथा 23 मई को जजमेंट लिखने के बारे में बताया जाएगा। यह कार्यशाला न केवल हायर ज्यूडिशरी के लिए ही उपयोगी नहीं होगी बल्कि लोअर ज्यूडिशरी की तैयारी करने वाले तथा लीगल प्रोफेशन में जाने वाले छात्रों के लिए भी वरदान साबित होगी। इस कार्यशाला में विवि परिसर के साथ ही अन्य संबद्ध कॉलेजों के छात्र शिरकत कर रहे हैं। पहले दिन लीगल प्लीडिंग विषय पर उच्च न्यायालय के अधिवक्ता सत्यजीत सिंह ने जानकारी दी। इस अवसर पर सेकेंड कैंपस के निदेशक प्रो. बीडी सिंह, प्रो. राकेश सिंह, डॉ. अनुराग श्रीवास्तव व स्टूडेंट डीन इंद्रदमन तिवारी आदि मौजूद थे। (माई सिटी रिपोर्टर)

लविवि : कोडफिएस्टा में दिखी प्रतिभा

लखनऊ। लविवि के इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा दो दिवसीय टेक फेस्ट कोडफिएस्टा का आयोजन किया गया। इसमें छह प्रतियोगिताओं कोड फ्लिक्ट, कोड मेश, कोड आचार्य, मेम नीति, बग ठग और कोड के क्विजार्ड्स का आयोजन किया गया। आयोजन का उद्देश्य पहले और दूसरे वर्ष के छात्रों के बीच कोडिंग की प्रतिस्पर्धा विकसित करना था। फेस्ट में हर्षित कटियार, अनंव सिंह, आनंद अग्रवाल व ओमिशा अग्रवाल ने प्रथम स्थान, हिमांशु, जय मेहरोत्रा, सुबोध सिंह, रंजीत सिंह और प्रखंड पटेल ने दूसरा और अदिति, अशंकुर उपाध्याय और मानवेंद्र राजवाड़ा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। (माई सिटी रिपोर्टर)

HINDUSTAN PAGE 6 & 7

एलयू: छात्रों ने विभिन्न खेलों में दिखाया दम

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्याल में खेलो आईएमएस 2022 का आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। बैडमिंटन में अभिजीत सिंह, कैरम प्रतियोगिता में उत्कर्ष तिवारी, टेबल टेनिस में अविकल गुप्ता ने पहला स्थान हासिल किया। शतरंज प्रतियोगिता में विष्णु गिरधर विजेता बने। लड़कियों की शतरंज प्रतिभागियों में सिमरन अग्रवाल ने जीत दर्ज की।

एनईपी के लिए प्रगति और प्रदर्शन समीक्षा समिति बनी

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020- (एनईपी) को लागू को करने वाला लखनऊ विश्वविद्यालय पहला संस्थान है। एब एलयू एनईपी की प्रगति और प्रदर्शन का अध्ययन वार्षिक करेगा। इसके लिए एनईपी प्रगति और प्रदर्शन समिति बनाए जाने की घोषणा कर दी है।

शनिवार को लखनऊ, सीतापुर, हरदोई, लखीमपुर और रायबरेली के सम्बद्ध डिग्री कॉलेजों के प्राचार्यों की बैठक एलयू कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के साथ हुई। कुलपति ने कहा कि एनईपी के बाद स्नातक पाठ्यक्रम चार वर्ष का है। लेकिन एनईपी की समीक्षा हम चार वर्ष पर नहीं करेंगे बल्कि इसकी प्रगति और प्रदर्शन की समीक्षा वार्षिक आधार पर की जाएगी। समिति में पांचों जिलों से एक-एक प्राचार्य, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, सभी फैकल्टी के डीन एवं डीन एकेडमिक्स को शामिल किया गया है। कुलपति ने कहा कि ये समिति एनईपी के प्रत्येक बिन्दु की समीक्षा करने के साथ ही इसे और ज्यादा बेहतर बनाने की दिशा में अपने सुझाव देगी।

05 जिलों से एक-एक प्राचार्य भी शामिल होंगे

- एलयू कुलपति ने एनईपी रिव्यू में की घोषणा
- डीन एकेडमिक्स, फैकल्टी डीन भी समिति में होंगे

पांचों जिलों के डिग्री कॉलेजों के प्राचार्य अपने नाम लखनऊ विश्वविद्यालय कुलसचिव को भेज सकते हैं। जिनमें से प्रत्येक जिले से एक-एक प्राचार्य को समिति में शामिल किया जाएगा।

आवश्यकता के अनुसार बढ़ेंगे वोकेशनल पाठ्यक्रम: कुलपति ने कहा कि एलयू के साथ पांच जिले जुड़े हैं। इसलिए वोकेशनल और को-करिकुलर पाठ्यक्रम को स्थानीय स्तर से जोड़ते हुए विस्तार दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वोकेशनल पाठ्यक्रम मुख्य रूप से रोजगार बढ़ाने की दिशा में कदम होता है इसलिए जिस क्षेत्र जो मांग है उसी पर आधारित वोकेशनल पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे।

एलएलबी सम सेमेस्टर परीक्षाएं छह से 21 जून

मिशन एग्जाम

लखनऊ, कासं। लखनऊ विश्वविद्यालय सम सेमेस्टर परीक्षा-2022 के अन्तर्गत एलएलबी तीन वर्षीय पाठ्यक्रम और एलएलबी इंट्रीग्रेटेड और एमबीए के परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिए गए हैं। एलएलबी की परीक्षाएं छह जून से शुरू होकर 21 जून तक होंगी। वहीं एमबीए चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 26 मई से शुरू होकर छह जून तक चलेंगी।

एलएलबी तीन वर्षीय पाठ्यक्रम छठे सेमेस्टर (नया पाठ्यक्रम) की परीक्षाएं छह से 17 जून तक होगी। छह जून को सिविल प्रासीजर कोड-दो, आठ जून को क्रिमिनल प्रासीजर कोड-दो, 10 जून- ड्राफ्टिंग प्लीडिंग एंड कन्वेंसिंग, 13 जून को इक्विटी ट्रस्ट, 15 जून- लैंड लाज एंड अदर लोकल लाज-दो, 17 एवं जून को वैकल्पिक प्रश्न पत्र होगा।

इसी क्रम में एलएलबी तीन वर्षीय चौथा सेमेस्टर (नया पाठ्यक्रम) की परीक्षाएं सात से 21 जून तक होंगी। सात जून को इन्वायरमेंटल लॉ, नौ जून को इन्वेस्टमेंट एंड कंटीशनल लॉ, 11 जून का लॉ ऑफ एवीडेंस, 14 जून को लेबर लॉ- दो, 16 जून को बैंकिंग लॉ, 18 जून को एडमिनिस्ट्रेशन लॉ-सेकेण्ड एवं 21 जून कम्पनी लॉ सेकेण्ड का प्रश्न पत्र होगा। छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं सुबह नौ से 12 एवं चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं दोपहर से दो से पांच की पाली में होंगी।

एलएलबी इंटीग्रेटेड की परीक्षा तारीख

- चौथा सेमेस्टर (नया-पुराना पाठ्यक्रम रेगुलर, एग्जम्टेड, बैक पेपर) छह से 20 जून
- चौथा सेमेस्टर (नया रेगुलर, एग्जम्टेड, बैक पेपर)- छह से 20 जून तक
- छठा सेमेस्टर (नया-पुराना पाठ्यक्रम रेगुलर, एग्जम्टेड, बैक पेपर)- सात से 21 जून
- छठा सेमेस्टर (नया पाठ्यक्रम रेगुलर, एग्जम्टेड, बैक पेपर)- सात से 21 जून तक
- आठवां सेमेस्टर (नया-पुराना पाठ्यक्रम रेगुलर, एग्जम्टेड, बैक पेपर)- छह से 20 जून
- आठवां सेमेस्टर (रेगुलर, एग्जम्टेड, बैक पेपर)- छह से 17 जून तक
- दसवां सेमेस्टर (रेगुलर)- सात से नौ जून, (रेगुलर, एग्जम्टेड, बैक पेपर)- सात और 21 जून

i-NEXT PAGE 2

कोड फिएस्टा कंप्टीशन के विजेताओं को मेडल

लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से कराई गई टेक फेस्ट 'कोड फिएस्टा' प्रतियोगिता में शनिवार को पदक वितरण किया गया. छह प्रतियोगिताओं में 180 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया था. इनमें हर्षित कटियार, अर्नव सिंह, आनंद अग्रवाल, ओमिशा अग्रवाल ने प्रथम स्थान, हिमांशु, जय मेहरोत्रा, सुबोध सिंह, रंजीत सिंह और प्रखंड पटेल ने दूसरा एवं अदिति, अशंकुर उपाध्याय और मानवेंद्र राजवाड़ा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया.

शतरंज में सिमरन, बैडमिंटन में अभिजीत विजेता

लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रबंधन विज्ञान संस्थान में चल रहे खेल उत्सव का समापन शनिवार हो हुआ. आइएमएस की ओएसडी प्रो. विनीता काचर ने बताया कि बैडमिंटन में अभिजीत सिंह प्रथम, अक्षत द्वितीय व उत्कर्ष शुक्ला तीसरे स्थान पर रहे. कैरम के पहले विजेता उत्कर्ष, दूसरे आकाश मौर्य और तीसरे आदित्य विक्रम रहे. टेबल टेनिस में अविकल प्रथम, आदित्य दूसरे व शुइवंश मिश्रा तीसरे स्थान पर रहे. शतरंज के पहले विजेता विष्णु गिरधर, दूसरे समय वर्मा और तीसरे अभिषेक गुप्ता रहे.

विधि संकाय में तीन दिवसीय कार्यशाला

लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय में शनिवार से तीन दिवसीय 'विमर्श' कार्यशाला की शुरुआत हुई. संकाय के अधिष्ठाता प्रो. सीपी सिंह ने बताया कि विधि की पढ़ाई कर रहे या न्यायिक सेवाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए ये विषय महत्वपूर्ण है. पहले दिन उच्च न्यायालय के अधिवक्ता सत्यजीत सिंह ने लीगल प्लीडिंग के बारे में बताया. 22 मई को लीगल ड्राफ्टिंग तथा 23 मई को जजमेंट लिखने के बारे में जानकारी दी जाएगी.

प्रैक्टिकल के लिए समर कैंप 23 से

लखनऊ विश्वविद्यालय में ग्रीष्मकालीन अवकाश हो चुका है. ऐसे में भौतिक विज्ञान विभाग बीएससी द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों के प्रैक्टिकल पूरे कराने के लिए 23 से 29 मई तक समर कैंप की शुरुआत करेगा. विभाग के शिक्षक डा. महेंद्र अग्निहोत्री ने बताया कि बीएससी द्वितीय वर्ष के जो विद्यार्थी प्रयोग करना चाहते हैं वे बीएससी वाट्सएप ग्रुप पर उपलब्ध गूगल फार्म के माध्यम से पंजीकरण करा लें. पाठ्यक्रम से जुड़े सभी प्रयोग बीएससी भौतिकी प्रयोगशाला में सुबह सात से नौ बजे तक होंगे. इस दौरान डा. महेंद्र अग्निहोत्री व प्रो. आंचल श्रीवास्तव भी उपस्थित रहेंगी.

JAGRAN CITY PAGE III

कोड फिएस्टा प्रतियोगिता के विजेताओं को मिला पदक

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से कराई गई टेक फेस्ट 'कोड फिएस्टा' प्रतियोगिता में शनिवार को पदक वितरण किया गया। छह प्रतियोगिताओं में 180 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया था। 13 ने पदक जीते। इनमें हर्षित कटियार, अर्नव सिंह, आनंद अग्रवाल, ओमिशा अग्रवाल ने प्रथम स्थान, हिमांशु, जय मेहरोत्रा, सुबोध सिंह, रंजीत सिंह और प्रखंड पटेल ने दूसरा एवं अदिति, अशंकुर उपाध्याय और मानवेंद्र राजवाड़ा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। (जासं)

शतरंज में सिमरन, बैडमिंटन में अभिजीत विजेता

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रबंधन विज्ञान संस्थान में चल रहे खेल उत्सव का समापन शनिवार हो हुआ। आखिरी दिन भी विभिन्न खेलों में विद्यार्थियों का उत्साह देखने को मिला। आइएमएस की ओएसडी प्रो. विनीता काचर ने बताया कि बैडमिंटन में अभिजीत सिंह प्रथम, अक्षत द्वितीय व उत्कर्ष शुक्ला तीसरे स्थान पर रहे। कैरम के पहले विजेता उत्कर्ष, दूसरे आकाश मौर्य और तीसरे आदित्य विक्रम रहे। टेबल टेनिस में अविकल प्रथम, आदित्य दूसरे व शुइवंश मिश्रा तीसरे स्थान पर रहे। शतरंज के पहले विजेता विष्णु गिरधर, दूसरे समय वर्मा और तीसरे अभिषेक गुप्ता रहे। शतरंज प्रतिभागियों में पहला स्थान सिमरन अग्रवाल, दूसरा स्थान अदितिया मिश्रा और तीसरा स्थान रिची प्रवीण ने हासिल किया। (जासं)

तीन दिवसीय कार्यशाला

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय में शनिवार से तीन दिवसीय 'विमर्श' कार्यशाला की शुरुआत हुई। संकाय के अधिष्ठाता प्रो. सीपी सिंह ने बताया कि विधि की पढ़ाई कर रहे या न्यायिक सेवाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए ये विषय बहुत ही महत्वपूर्ण है। पहले दिन उच्च न्यायालय के अधिवक्ता सत्यजीत सिंह ने लीगल प्लीडिंग के बारे में बताया। 22 मई को लीगल ड्राफ्टिंग तथा 23 मई को जजमेंट लिखने के बारे में जानकारी दी जाएगी। हायर और लोवर ज्यूडिशरी की तैयारी करने वाले के साथ-साथ लीगल प्रोफेशन में जाने वाले छात्रों के लिए भी वरदान साबित होगी। (जासं)

लवि : प्रैक्टिकल के लिए समर कैंप 23 से

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में ग्रीष्मकालीन अवकाश हो चुका है। ऐसे में भौतिक विज्ञान विभाग बीएससी द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों के प्रैक्टिकल पूरे कराने के लिए 23 से 29 मई तक समर कैंप की शुरुआत करेगा। विभाग के शिक्षक डा. महेंद्र अग्निहोत्री ने बताया कि बीएससी द्वितीय वर्ष के जो विद्यार्थी प्रयोग करना चाहते हैं वे बीएससी वाट्सएप ग्रुप पर उपलब्ध गूगल फार्म के माध्यम से पंजीकरण करा लें। पाठ्यक्रम से जुड़े प्रयोग बीएससी भौतिकी प्रयोगशाला में सुबह सात से नौ बजे तक होंगे। इस दौरान डा. महेंद्र अग्निहोत्री व प्रो. आंचल श्रीवास्तव उपस्थित रहेंगी। (जासं)

एमबीए 26, एलएलबी सम सेमेस्टर परीक्षाएं छह जून से होंगी शुरू

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने शनिवार को एमबीए, एलएलबी इंटीग्रेटेड व एलएलबी तीन वर्षीय सम सेमेस्टर परीक्षाओं का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। एमबीए की परीक्षाएं 26 मई से शुरू होंगी, वहीं एलएलबी इंटीग्रेटेड (न्यू, ओल्ड कोर्स रेगुलर, इक्जेम्टेड, बैक पेपर) चौथे, आठवें की परीक्षाएं छह जून से तय हुई हैं।

छठे और दसवें सेमेस्टर की परीक्षाएं सात जून से होंगी। एलएलबी तीन वर्षीय छठे सेमेस्टर की परीक्षा छह व चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं सात जून से संचालित होंगी। छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in के माध्यम से कार्यक्रम देख सकते हैं। अधिष्ठाता विधि संकाय प्रोफेसर सीपी सिंह ने बताया कि एलएलबी दूसरे सेमेस्टर को छोड़कर अन्य परीक्षा कार्यक्रम जारी हो चुके हैं।

ये हैं परीक्षाओं की तिथियां

- एमबीए चौथे सेमेस्टर का परीक्षाएं : 26 से 28 मई
- एलएलबी तीन वर्षीय छठा सेमेस्टर (न्यू कोर्स) : छह से 17 जून
- एलएलबी तीन वर्षीय चौथा सेमेस्टर (न्यू कोर्स) : सात से 21 जून
- एलएलबी इंटीग्रेटेड चौथा सेमेस्टर (न्यू-ओल्ड कोर्स रेगुलर, इक्जेम्टेड, बैक पेपर) 6-20 जून
- एलएलबी इंटीग्रेटेड चौथा सेमेस्टर (न्यू कोर्स रेगुलर, इक्जेम्टेड, बैक पेपर)- छह से 20 जून तक।
- एलएलबी इंटीग्रेटेड छठा सेमेस्टर सेमेस्टर (न्यू-ओल्ड कोर्स रेगुलर, इक्जेम्टेड, बैक पेपर)- सात से 21 जून तक।
- एलएलबी इंटीग्रेटेड छठा सेमेस्टर (न्यू कोर्स रेगुलर, इक्जेम्टेड, बैक पेपर)- सात से 21 जून तक।

प्रगति की समीक्षा कर समिति देगी सुझाव

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय नई शिक्षा नीति (एनईपी) लागू करने वाला पहला संस्थान है। पहली बार पाठ्यक्रम में को-करिकुलर व वोकेशनल कोर्स लागू हुआ है। इसे और प्रभावी ढंग से लागू करने, आने वाली समस्याओं को दूर करने के लिए एक समिति का गठन किया जाएगा।

समिति में सभी डीन, हर जिले से एक प्राचार्य (जो इच्छुक हों), डीन एकेडमिक्स और डीएसडब्ल्यू को शामिल किया जाएगा। समिति ओवरआल एनईपी में होने वाली प्रगति की समीक्षा कर अपने सुझाव देगी। यह जानकारी लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने शनिवार को महाविद्यालयों के प्राचार्यों के साथ बैठक में दी। इस अवसर पर उन्होंने शैक्षिक सत्र 2022-23 के लिए प्रवेश विवरणिका का विमोचन भी किया। लखनऊ, रायबरेली, हरदोई, सीतापुर और लखीमपुर खीरी के संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों के साथ बैठक में कुलपति ने कहा कि समिति में जो प्राचार्य शामिल होना चाहते हैं, सोमवार तक अपना नाम कुलसचिव को भेज दें। कुलपति ने नई शिक्षा नीति के तहत वोकेशनल और को-करीकुलर विषयों में अंतर भी बताए, ताकि महाविद्यालयों को कक्षाएं चलाने और कोर्स संचालन में किसी प्रकार की समस्या न हो।

कालेजों में होगी खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियां : कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय आगामी सत्र से खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सभी महाविद्यालयों की बढ़-चढ़कर भागीदारी सुनिश्चित कराएगा। इसके लिए स्पोर्ट्स कैलेंडर जारी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बहुत से ऐसे कालेज हैं, जहां अलग-अलग इंटीग्रेटेड खेलकूद या सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए बेहतर सुविधा है। उसका उपयोग किया जा सकेगा।

नैक और एकेडमिक आडिट पर जोर

कुलपति ने सभी प्राचार्यों को निर्देश दिए कि सभी महाविद्यालय अपना एकेडमिक आडिट करा लें, जिससे कि भविष्य में किसी भी प्रकार की समस्या न हो। साथ ही, नैक मूल्यांकन और नेशनल इंस्टीट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआइआरएफ) के लिए भी तैयारी करें। विश्वविद्यालय इसमें सहयोग करेगा। यह भी कहा गया कि 25 मई तक सभी कालेज अपने स्नातक विद्यार्थियों के इंटरनल अंक पोर्टल पर अपलोड कर दें। कुलपति ने अनुमोदित शिक्षकों की सूची देने के लिए कहा है।

शिक्षकों के लिए गुरु दक्षता और रिफ्रेशर कोर्स अनिवार्य

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय शिक्षकों को और अधिक रोचक ढंग से पढ़ाने के लिए प्रशिक्षित करेगा। स्किल डेवलपमेंट के लिए शार्ट टर्म कोर्स भी शुरू किए जाएंगे। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की ओर से लवि में संचालित ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट सेंटर (एचआरडीसी) ने शैक्षिक सत्र 2022-23 में होने वाले गुरु दक्षता, रिफ्रेशर कोर्स सहित अन्य कार्यक्रमों का शेड्यूल जारी कर दिया है।

यूजीसी की ओर से पूरे देश में 66 एचआरडीसी केंद्र संचालित हैं। इनमें से एक लखनऊ विश्वविद्यालय में भी है। इस केंद्र के निदेशक प्रो. कमल कुमार ने बताया कि यूजीसी के निर्देश पर गुरु दक्षता कार्यक्रम, शार्ट टर्म कोर्स और रिफ्रेशर कोर्स शुरू किए जाएंगे। इसके माध्यम से स्थायी शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। कोर्स हर शिक्षक के प्रत्येक प्रमोशन के लिए पास करना अनिवार्य है।

14 जून से शुरू होगा गुरु दक्षता कार्यक्रम : 14 जून से 11 जुलाई, दो से 31 अगस्त, दो से 29 सितंबर, एक से 30 नवंबर, छह जनवरी 2023 से पांच फरवरी तक गुरु दक्षता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। रिफ्रेशर कोर्स 18 जून से शुरू होंगे। इसमें शिक्षकों को हिन्दी, लिट्रेचर व लैंग्वेज, रिसर्च मैथडोलाजी, एजुकेशन, फिजिकल एजुकेशन, मोटीवेशनल स्किल, जेंडर सेंसटाइजेशन सहित कई विषयों में नई चीजें बताई जाएंगी।

कोर्स 23 अगस्त से : शार्ट टर्म कोर्स की शुरुआत 23 अगस्त से होगी। इसमें रिसर्च मैथडोलाजी इन सोशल साइंस, एकेडमिक लीडरशिप, इंफार्मेशन एवं कम्युनिकेशन टेक्नोलाजी से लेकर नई शिक्षा नीति के बारे में बताया जाएगा। शिक्षकों को तकनीकी दक्षता में पारंगत किया जाएगा। निदेशक ने बताया कि हर शिक्षक को दो गुरु दक्षता और एक रिफ्रेशर कोर्स करना अनिवार्य है।

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

कुलपति ने की लविवि से सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों संग बैठक

लखनऊ (एसएनबी)। लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने शनिवार को लखनऊ, रायबरेली, हरदोई, सीतापुर और खीरी-लखीमपुर के संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों के साथ बैठक की। बैठक में लविवि के कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने सभी प्राचार्यों का स्वागत किया।

इसके उपरांत कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने लविवि की स्नातक एवं परास्नातक प्रवेश विवरणिका का विमोचन किया। स्नातक एवं परास्नातक प्रवेश विवरणिका का प्रकाशन किया गया है, जिससे कि महाविद्यालयों को प्रवेश प्रक्रिया में किसी समस्या का सामना ना करना पड़े। प्रवेश टीम के एडिशनल कोऑर्डिनेटर डा. अनित्य गौरव ने केंद्रीकृत प्रवेश प्रक्रिया के विषय में विस्तार से बताया एवं महाविद्यालयों को इस प्रक्रिया में शामिल होने के लिए आमंत्रित भी किया।

इस दौरान वैठक की अध्यक्षता कर रहे कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने सभी प्राचार्यों का संक्षिप्त व्यक्तिगत परिचय प्राप्त किया। कुलपति ने कहा कि सभी संबद्ध महाविद्यालय विश्वविद्यालय का विस्तार है। उन्होंने महाविद्यालयों को अवगत कराया कि विश्वविद्यालय आगामी सत्र से खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सभी महाविद्यालयों की बढ़-चढ़कर भागीदारी सुनिश्चित करना चाह रहा है, जिसके लिए अलग-अलग महाविद्यालयों में स्पोर्ट्स एवं सांस्कृतिक गतिविधियां कराई जाएंगी एवं इन गतिविधियों में सभी महाविद्यालय के विद्यार्थियों को शामिल होने के लिए प्रोत्साहित भी किया जाएगा।

प्रो. राय ने बताया कि ऐसा करने से सभी महाविद्यालय आपस में एकात्मता के साथ प्रगति करेंगे, जिनका सबसे ज्यादा लाभ विद्यार्थियों को होगा। कुलपति ने कहा कि लविवि राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग पाने वाला प्रदेश का इकलौता राज्य विश्वविद्यालय है जो लविवि की अकादमिक प्रगति को सत्यापित करता है। यह प्रगति विना महाविद्यालयों की प्रगति एवं राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग विना महाविद्यालयों के सहयोग के संभव नहीं हो सकती।

AMRIT VICHAR PAGE 4

एलएलबी की परीक्षाएं छह से शुरू

अमृत विचार, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय सम सेमेस्टर परीक्षा-2022 के अन्तर्गत एलएलबी तीन वर्षीय पाठ्यक्रम और एलएलबी इंट्रीग्रेटेड और एमबीए के परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिए गए हैं। एलएलबी की परीक्षाएं 6 जून से शुरू होकर 21 जून तक होंगी। एमबीए चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 26 मई से शुरू होकर 6 जून तक चलेंगी।

एलएलबी तीन वर्षीय पाठ्यक्रम छठे सेमेस्टर (नया पाठ्यक्रम) की परीक्षाएं 6 से 17 जून तक होगी। छह जून को सिविल प्रासीजर कोड-दो, 8 जून को क्रिमिनल प्रासीजर कोड-दो, 10 जून- ड्राफ्टिंग प्लीडिंग एंड कन्वेंसिंग, 13 जून को इक्विटी ट्रस्ट, 15 जून- लैंड लाज एंड अदर लोकल लाज- दो, 17 एवं जून को वैकल्पिक प्रश्न पत्र होगा।

SWATANTRA BHARAT PAGE 4

लविवि ने की कोडफिएस्टा की मेजबानी

स्वतंत्र भारत, संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा दो दिवसीय टेक फेस्ट कोडफिएस्टा की मेजबानी की। दो दिवसीय टेक फेस्ट में 6 प्रतियोगिताओं कोड-फ्लिक्ट,कोड-मेश, कोड-आचार्य, मेम-नीति, +ग्ग-ठग और कोड के क्विजार्ड्स+ का आयोजन कोडिंग कांक्रोसेर्स द्वारा किया गया। कोड फिएस्टा का उद्देश्य पहले और दूसरे वर्ष के छात्रों के बीच कोडिंग की प्रतिस्पर्धी विकसित करना था। इस फेस्ट में कुल 180 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें 13 छात्रों ने पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। हर्षित कटियार, अर्नव सिंह, आनंद अग्रवाल, ओमिशा अग्रवाल ने प्रथम स्थान, हिमांशु,